RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 09 मार्च 2023 | वर्ष 04 | अंक 277 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# सफाई कर्मियों की मांग को सरकार ने किया पूरा...

## विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने दी जानकारी

**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई मनपा सहित अन्य मनपा और नगरपालिका के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों की मांग को करीब -करीब मान लिया गया है.जिसे लेकर लाड समिति को सुधारित कर राज्य में लागू कर दिया गया. बुधवार को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से सफाई कर्मियों का मुद्दा सदन में उपस्थित किया था जिसके जवाब में वे बोल रहे थे.



फडणवीस ने कहा कि सफाई कर्मियों की मांग को लेकर सरकार गंभीर है.इसलिए उनके मांगो को सरकार ने मानते हुए लाड समिति में सुधार कर दिया है.डिप्टी सीएम ने कहा कि सुधारित लाड समिति के अनुसार शिक्षित सफाईकर्मियों को श्रेणी 3 में सरकारी नौकरी दी जाएगी।इसके अलावा बेघर सफाई कर्मियों को मुफ्त घर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों के सेवानिवृत्त या अन्य कारण वस रिक्त पद होने पर उनके स्थान पर उनके बेटे -बेटी के अलावा रिश्तेदारों को नौकरी दी जाएगी।फडणवीस ने कहा कि मुंबई सहित अन्य नगरपालिका के साथ -साथ सरकारी अन्य संस्थाओं के सफाई कर्मियों को सुधारित लाड समिति में समावेश किया गया है. जिसके तहत राज्य के सफाई कर्मियों के लिए लागू योजनाओं को उसका लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा सदस्य भाई गिरकर सहित अन्य सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया।

### नौकरी में वरीयता...

**डिप्टी सीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति और नव-बौद्ध जो शौचालयों की सफाई, गंदगी से संबंधित सीवेज सिस्टम, नालियों, जल निकासी और अस्पतालों और मुर्दाघरों में गंदगी से संबंधित क्षेत्रों में काम करते हैं, साथ ही वे सभी कर्मचारी जो मैला ढोने वालों और उन लोगों के उत्तराधिकारियों की परिभाषा में फिट होते हैं जो पहले के रूप में काम करते थे सरकारी नौकरी में मुखिया को तरजीह मिलेगी इस कार्य को प्रतिदिन संविदा के आधार पर आउटसोर्स करने वाले व्यक्तियों को लाभ नहीं मिलेगा। इन अनुशंसाओं से उन सफाई कर्मियों को लाभ होगा जिन्होंने अपनी सेवाओं को नियमित किया है।**

### बेघर सफाई कर्मियों को मुफ्त घर देगी सरकार

### वारिस कौन होगा ?

पति या पत्नी, बेटा या बेटी, बहू या दामाद, विधवा बेटी, बहन, तलाकशुदा बेटी या बहन, परित्यक्त बेटी या बहन, अविवाहित पढ़ी-लिखी बेटी या अविवाहित पढ़ी-लिखी बहन,भाई या किसी की पूरी बहन अविवाहित सफाईकर्मी, पोता या पोता और इनमें से कोई भी उत्तराधिकारी की अनुपस्थिति में या इनमें से कोई भी वारिस सफाईकर्मी का काम करने के लिए तैयार नहीं है, एक व्यक्ति जो एक लिखित शपथ पत्र में सफाई कर्मी की देखभाल करने का वचन देता है, उसे नौकरी के लिए पात्र माना जाएगा विरासत के अधिकार से। उनकी उम्र न्यूनतम 18 साल और अधिकतम 45 साल होनी चाहिए।

# एनसीपी नेता नवाब मलिक की 14 दिन और बढ़ी न्यायिक हिरासत



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता नवाब मलिक की न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म हो गई। विशेष पीएमएलए अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत और 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। मलिक ने बांबे हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। उनका कुर्ला के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में नवाब मलिक को 23 फरवरी को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को मलिक की न्यायिक हिरासत 21 मार्च तक बढ़ खत्म हो रही थी। मलिक ने बांबे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की मांग की है। हाईकोर्ट ने इस मामले में ईडी से जवाब मांगा हैं।

### अंडरवर्ल्ड से सांठगांठ का आरोप

ईडी का आरोप है कि नवाब मलिक ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर, उसके सहयोगी सलीम पटेल और सरदार खान के साथ मिलकर कुर्ला में मुनीरा प्लंबर की पैतृक संपत्ति को हड़प ली है। इस संपत्ति की कीमत लगभग 300 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया है।

# जिंदा शख्स को मरा बताकर LIC से क्लेम किए 2 करोड़ रुपये

## पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा...

**मुंबई :** मुंबई की शिवाजी पार्क पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर आरोप है कि जीवन बीमा निगम से करोड़ों रुपये ठगने के लिए उन्होंने जिंदा आदमी को मरा हुआ बताया. गिरफ्तार आरोपियों के नाम दिनेश टाकसाले, अनिल लटके और विजय मालवदे हैं. मुंबई पुलिस के जोन-5 के डीसीपी मनोज पाटिल ने बताया कि 21 फरवरी को एलआईसी के अधिकारी ओमप्रकाश साहू की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 465,



467, 468, 479, 420, 120(B) और 511 के तहत अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी. डीसीपी पाटिल ने बताया कि दिनेश टाकसाले नाम के आरोपी ने 21 अप्रैल 2015 को LIC की 2 करोड़ रुपये की पॉलिसी खरीदी थी. इसके बाद करीब एक साल तक आरोपी ने प्रीमियम समय पर भरा. 14 मार्च 2017 को दूसरे आरोपियों ने एलआईसी में इंश्योरेंस के क्लेम की अर्जी दी. उसमें बताया गया कि 25 दिसंबर 2016 को पुणे नगर इलाके के बेलवांडी पुलिस थाने के अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना में दिनेश की मौत हो गई. अर्जी मिलने के बाद LIC ने जांच शुरू की. तकरीबन 6 साल की जांच के बाद छक्ळ को ऐसा समझ में आया कि दिनेश की मौत नहीं हुई, बल्कि वह जिंदा है और 2016 में बेलवंडी पुलिस स्टेशन जाकर उसकी पहचान करने वाले माता पिता भी उसके असली अभिभावक नहीं हैं.

# महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले की बढ़ी मुश्किलें...

## धमकी देने के आरोप में दर्ज हुई FIR

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के गडचिरौली जिले में पुलिस ने कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले के भाई विनोद पटोले और अन्य लोगों के खिलाफ राइस मिल के मालिक को कथित तौर पर धमकी देने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। गडचिरौली जिले में एक नर्सिंग कॉलेज के मालिक प्रमोद साल्वे ने शिकायत दी है। विनोद पटोले ने संवाददाता सम्मेलन में अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया। FIR के अनुसार शिकायतकर्ता की बहन के परिवार ने 2020 में अपनी



'राइस मिल' को विनोद पटोले को 51 लाख रुपये में बेचने को लेकर एक मौखिक समझौता किया था।

FIR के अनुसार विनोद पटोले ने 2021 तक उन्हें 20 लाख रुपये का भुगतान किया,लेकिन शेष रकम को लेकर उन्हें कोई आश्वासन नहीं दिया, जिसके बाद साल्वे ने उन्हें एक नोटिस भेजा और राइस मिल की बिक्री के लिए एक विज्ञापन भी दे दिया। प्राथमिकी में कहा गया है कि विनोद पटोले और चार अन्य ने तीन मार्च को गडचिरौली शहर जा रहे साल्वे को चटगांव गांव में रोका और जान से मारने की धमकी दी। विनोद पटोले और चार अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक धमकी और गलत तरीके से रोकने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## विपक्षी दलों का पत्र

दिल्ली की शराब नीति के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आठ विपक्षी दलों की ओर से लिखा इस आशय का पत्र कई प्रश्न खड़े करता है कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस पत्र में आम आदमी पार्टी के साथ सात अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सबसे पहले तो यही प्रश्न उठता है कि आखिर आम आदमी पार्टी को छोड़कर केवल सात विपक्षी दल ही इस नतीजे पर क्यों पहुंचे कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है?

इसके अतिरिक्त यह प्रश्न भी उठता है कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पत्र पर हस्ताक्षर कैसे कर सकती हैं? क्या बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले को अनदेखा कर दिया जाए? शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया गया और बेहद बेशर्मी के साथ किया गया, यह निष्कर्ष कलकत्ता उच्च न्यायालय का है। क्या तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य दल यह चाहते हैं कि देश की जनता यह विस्मृत कर दे कि शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद की गई थी? यदि तृणमूल कांग्रेस पार्थ चटर्जी को निर्दोष मानती है तो फिर उसने उन्हें पार्टी से निलंबित क्यों किया?

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा? इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी तो फिर घोटाले का शोर मचते ही उसे वापस क्यों लिया गया? क्या विपक्षी दल इसकी जिम्मेदारी ले सकते हैं कि दिल्ली सरकार की ओर से वापस ली गई शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी और उससे शराब विक्रेताओं को कहीं कोई अनुचित लाभ नहीं मिल रहा था?

एक सवाल यह भी है कि क्या चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी दलों के नेता मनीष सिसोदिया समेत जो अन्य नेता घपले-घोटालों के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं, उनके निर्दोष होने का प्रमाण दे सकते हैं? यह हैरानी की बात है कि विपक्षी नेताओं की चिट्ठी में उन लालू यादव का भी जिक्र है, जिन्हें चारा घोटाले में सजा सुनाई जा चुकी है।

यह सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि राजनीतिक भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लग गई है। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कटु सच्चाई है। इसी प्रकार यह भी एक सच है कि राजनीतिक दल अपनी राजनीति चलाने के लिए धन का प्रबंध घपलों-घोटालों के जरिये भी करते हैं। इसी कारण नेताओं के घपले-घोटाले सामने आते रहते हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# NCP विधायक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**बीड,** महाराष्ट्र के बीड जिले में अज्ञात लोगों के समूह ने एक व्यवसायी पर कथित तौर पर हमला कर दिया। इसके बाद मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक प्रकाश सोलंकी, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी। जिले के माजलगांव शहर में मंगलवार को अशोक शेजुल नाम के एक व्यवसायी को पांच-छह लोगों ने कथित तौर पर पीटा। प्रकाश सोलंकी माजलगांव निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। शेजुल ने अपनी शिकायत में कहा कि हमलावर बाइक पर आए और उन्हें पाइप से मारा।

अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए कि हमलावरों ने शेजुल से कहा कि अगर वह प्रकाशदादा सोलंकी (विधायक) के संगठन के बारे में किसी से शिकायत करता है तो उसे मार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्यवसायी की




शिकायत के आधार पर पुलिस ने विधायक, उनकी पत्नी, एक व्यक्ति और पांच-छह अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 307 (हत्या का प्रयास) सहित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता का इलाजा औरंगाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

# तीन तलाक कहने पर व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

वहीं, ठाणे जिले में एक व्यक्ति और उसकी मंगेतर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दरअसल व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को एक बार में तीन तलाक दे दिया था। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पत्नी की शिकायत के अनुसार, उसके पति और उसकी मंगेतर ने 26 फरवरी की रात को उसके साथ रहने के लिए कहने पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया। उसकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि भिवंडी निवासी व्यक्ति ने फिर तलाक-तलाक-तलाक चिल्लाया और कहा कि उसने शादी तोड़ दी है।

भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन के एसएचओ ने कहा कि पति और उसकी मंगेतर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा, अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। 1 अगस्त 2019 को संसद मे एक विधेयक मंजूरी दी गई थी, जिसमें तत्काल तीन तलाक को एक आपराधिक अपराध बनाने का प्रस्ताव था।

# रेल मंत्रालय की यात्रियों से लूट!

## यात्रियों के वाहनों को टर्मिनस परिसर में प्रवेश करते ही शुल्क चुकाना होगा




**मुंबई :** रेल मंत्रालय ने अब रेलवे स्टेशन पर आनेवाले यात्रियों से लूट करना शुरू कर दिया है। टिकट लेकर ट्रेनों में सफर शुरू करने से पहले अब यात्रियों के वाहनों को टर्मिनस परिसर में प्रवेश करते ही प्रवेश शुल्क चुकाना होगा। बाकायदा यात्रियों से लूट करने के लिए रेलवे ने रिक्शा-टैक्सी स्टैंड को भी हटा दिया है। ऐसे में यदि किसी यात्री को अपनी कार पार्किंग करनी है तो उसे आधा किलोमीटर दूर निःशुल्क पार्किंग करनी होगी। इस लूटमारी का ठेका रेलवे ने जिस ठेकेदार को दिया है, उस ठेकेदार ने तो जरूरत से ज्यादा जमीन का अधिग्रहण कर लिया है और रेलवे भी कुंभकरण की नींद में सोया हुआ है। बांद्रा टर्मिनस पर ऐसे ही प्रयासों के कारण पिछले लगभग २५ वर्षों से यहां ऑटोरिक्शा-टैक्सी चलाकर अपनी आजीविका का जुगाड़ करने वाले सैकड़ों लोगों का रोजगार अब खतरे में पड़ता नजर आ रहा है।

बता दें कि बांद्रा टर्मिनस पर भूमिगत मार्ग के पास के पार्किंग क्षेत्र में स्थित वर्षों पुराने टैक्सी-रिक्शा स्टैंड को रेलवे प्रशासन एक पार्किंग ठेकेदार के हित में हटाने की तैयारी कर रहा है। बताया जा रहा है कि रेलवे प्रशासन ने बांद्रा टर्मिनस की मुख्य प्रशासनिक इमारत के दक्षिण और उत्तर में कुल मिलाकर '७६३ वर्ग मीटर' जमीन पार्किंग ठेकेदार को पार्किंग के लिए दे दी है। लेकिन पार्किंग ठेकेदार ने बांद्रा टर्मिनस की मुख्य इमारत के दक्षिण में स्थित फ्लाईओवर ब्रिज के पास और उत्तर में पार्सल ऑफिस के पास बाड़ बंदी करके बीच के हजारों वर्ग मीटर के क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया है। बांद्रा टर्मिनस की मुख्य इमारत के दोनों ओर से आने वाले वाहन चालकों से इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए ठेकेदार अतिरिक्त शुल्क के जरिए लगभग ३० हजार रुपए प्रतिदिन वसूल रहा है। इसका खामियाजा टैक्सी, रिक्शा एवं दूसरे वाहन चालकों सहित यात्रियों को भी भुगतना पड़ रहा है। टोल न भरनेवाले यात्रियों को प्रवेश द्वार से करीब ५०० मीटर पहले वाहनों से उतरना और अपना सामान ढोना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग यात्रियों को इससे बेहद परेशानी हो रही है।

# रात 10 बजे के बाद यात्रा में लागू होंगी तमाम पाबंदियां



**मुंबई,** जिस तरह से हॉस्टल में वार्डन अनुशासन बनाए रखने के लिए नियमों का सख्ती से पालन करते हैं और हॉस्टल में अनुशासन बनाए रखते हैं, ठीक उसी तरह से अब रेलवे के 'वार्डन' भी सख्त हो गए हैं। रेल मंत्रालय ने यात्रियों के सफर से जुड़े नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। रेलवे ने १० बजे के बाद ट्रेनों में यात्रियों के सफर और अनुशासन से संबंधित नए नियम जारी कर यात्रियों को १० का दम दिया हैं। अब रात १० बजे के बाद यात्रा में तमाम पाबंदियां लागू होगी। रात १० बजे के बाद अब जहां कोच में बत्ती जलाने पर रोक होगी तो वहीं जो लोग १० बजे के बाद भोजन करने के आदी हैं तो उन्हें अब १० बजे से पहले ही भोजन कर अपनी थाली समेट लेना होगा। क्योंकि १० बजे के बाद न तो रेलवे खाना परोसेगी और न ही कोई वेंडर ट्रेन में कुछ बेचने आएगा। १० बजे के बाद खाने-पीने की बिक्री बंद हो जाएगी। नए नियम के अनुसार, जहां मिडल बर्थ वाले यात्री को १० बजे के बाद बर्थ खोलने का अधिकार होगा तो वहीं लोअर बर्थ वाले सुबह पांच बजे मिडल बर्थ यात्री को उठाने की छूट भी दी है। इतना ही नहीं, जो यात्री समूह में सफर करते हैं वो यात्री अब रात १० बजे के बाद आपस में बातचीत नहीं कर सकेंगे।

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी एक सर्वुष्ठलर के अनुसार, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि नए नियमों का उल्लंघन करने पर यात्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नए नियम को लागू करने के लिए टीटीई (ट्रैवलिंग टिकट एक्जामिनर), अन्य रेलवे कर्मियों और वैष्टरिंग स्टाफ को भी ट्रेनों में सार्वजनिक शिष्टाचार बनाए रखने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही सह-यात्रियों के लिए समस्या पैदा करनेवाले लोगों को ऐसा न करने के लिए भी जागरूक करने के लिए कहा गया है। नए दिशा-निदेर्शों के अनुसार, कोई भी यात्री अपनी सीट, डिब्बों या कोचों में बिना ईयरफोन के तेज आवाज में मोबाइल पर बात नहीं कर सकता है या फिर तेज आवाज में संगीत नहीं सुन सकता है। इसके अलावा रात १० बजे के बाद किसी भी यात्री को लाइट जलाने की अनुमति नहीं होगी।

# मुंबई में रंग भरा गुब्बारा लगने से 41 वर्षीय कारोबारी व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**मुंबई :** होली के मौके पर रंगों से भरे गुब्बारे भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। मुंबई के विले पार्ले में सोमवार को होली मना रहे लोगों द्वारा फेंके गए गुब्बारे से एक 41 वर्षीय कारोबारी दिलीप धावडे की मौत हो गई। मृत कारोबारी के भाई शशिकांत धावडे ने बताया कि होलिका दहन के दौरान दिलीप कुछ सामान लेने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में दो समूह एक दूसरे पर रंग भरे गुब्बारे फेंक रहे थे। इसी बीच एक गुब्बारा उनके भाई के सिर पर जा लगा, जिसकी वजह से वो जमीन पर गिर गए। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**'मृतक व्यक्ति पर फेंके गए थे गुब्बारे'**

विले पार्ले पुलिस ने मामला पंजीकृत करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिलीप धावडे विले पार्ले पूर्व के शिवाजी नगर में सिद्धिविनायक सोसायटी में रहते थे। उनके परिवार ने आरोप लगाया है कि लोगों के समूह ने उनपर प्लास्टिक के गुब्बारे फेंके थे जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना सोमवार रात 10:30 बजे के आसपास हुई। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है। विले पार्ले पुलिस स्टेशन के अधिकारी भरत गुरव ने बताया कि घटनास्थल पर कोई भी सीसीटीवी कैमरा मौजूद नहीं है। मिड-डे से बातचीत में मृतक के करीबी दोस्त भास्कर मलंकर ने कहा कि मेरे दोस्त पर किसी ने पानी से भरा हुआ गुब्बारा फेंका, जिसकी वजह से उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। हमने पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं केवल मौके पर मौजूद था, हमने देखा कि होली खेल रहे स्थानीय निवासियों ने उस पर पानी से भरे प्लास्टिक गुब्बारे फेंके। मृत कारोबारी के परिवार में उनकी पत्नी दर्शिका और दो बच्चे स्वरा (12) और गौरेश (7) हैं। परिजनों और करीबियों ने प्लास्टिक के गुब्बारे फेंकने वालों के लिए सजा की मांग की है।

# महाराष्ट्र विधानसभा: आर्थिक सर्वे पेश, 6.8% की रफ्तार से अर्थव्यवस्था बढ़ने की उम्मीद...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधानसभा में बुधवार को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साल 2022-23 के लिए महाराष्ट्र आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें अनुमान लगाया गया है कि साल 2022-23 के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था के 6.8 प्रतिशत और भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.0 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा 2.5% रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके अलावा राज्य के लिए कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में 6.1 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

इस बीच, विपक्ष ने इस बार बजट में किसानों और गरीबों के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की। विपक्षी नेताओं ने किसानों के लिए राहत की मांग की। एनसीपी नेता छगन भुजबल ने कहा, 'सभी तरह के नेफेड को सीधे बाजारों में जाकर प्याज की नीलामी करनी चाहिए। इससे कीमत कम से कम 100-200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ जाएगी ... अगर सरकार ने उनकी

## घाटे का भी लगाया अनुमान



उचित मदद नहीं की, तो किसान सड़क पर आ सकते हैं और इससे कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होगी।' उन्होंने आगे कहा, 'महाराष्ट्र सरकार को प्याज किसानों को आर्थिक मदद देनी चाहिए। गुजरात सरकार भी उन्हें सहायता दे रही है। अगर यह दावा किया जा रहा है कि महाराष्ट्र की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी है, तो किसानों को वित्तीय सहायता क्यों नहीं दी जा रही है?'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजीत पवार ने भी किसानों का मुद्दा उठाया। राज्य सरकार से किसानों को समर्थन देने और मुआवजा देने के लिए आगे आने का आग्रह किया। मीडिया को संबोधित करते हुए पवार ने कहा, 'बीते तीन दिनों में बेमौसम बारिश के कारण महाराष्ट्र के किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। हम आज विधानसभा में किसानों को मुआवजे का मुद्दा उठाएंगे। आज, राज्य सरकार (शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार) को किसानों का समर्थन करने और मुआवजा देने का एलान जरूर करना चाहिए। महाराष्ट्र विपक्ष के नेता ने आगे कहा, किसानों को मुआवजे के मुद्दे पर हमने विधानसभा में स्थगन नोटिस दिया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने विधानसभा को सूचित किया कि एक महिला के परिवार के खिलाफ आईपीसी और अंधविश्वास विरोधी अधिनियम के तहत सिंहगढ़ पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला को 'अघोरी पूजा' के नाम पर मानव और जानवरों की हड्डियों के पाउडर का सेवन करने के लिए मजबूर किया गया था ताकि वह गर्भ धारण कर सके। घटना जनवरी की है और प्राथमिकी 18 जनवरी को दर्ज की गई।'

पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को चिट्ठी लिखी है। ठाकरे ने कहा, 'मैंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पालघर जिले में नए हवाई अड्डों के विकास के लिए अनुरोध किया है। इसके अलावा फदार्पुर, पुणे और नासिक के हवाई अड्डों के विस्तार की मांग भी की है।' उन्होंने कहा, 'मुझे आशा है कि वह इन चार हवाई अड्डों के विकास को आगे बढ़ाएंगे, क्योंकि यह विकास को बढ़ावा देने और यात्री संपर्क, उद्योग, कृषि और पर्यटन का समर्थन करने में मदद करेगा।

# मामूली सी बात पर मुंबई की लोकल ट्रेन में दो गुटों में बेतहाशा चले लात घूंसे...

**मुंबई :** मुंबई की लोकल ट्रेन भीड़ की तस्वीरें देख कर ही लगता है कि क्या इसमें लोगो को खड़े होने की जगह तक मिलती है. लेकिन मुंबई की लोकल ट्रेन की इस वीडियो में लोग एक जगह से दूसरी जगह घुमाकर एक दूसरे को लात घूंसे मार रहे है. इस महानगरी में दिनभर भागदौड़ करने के बाद लोगो को दिमाग में उबाल बन जाता है. एक बेतुका विवाद भी ऐसे ही गंभीर लड़ाई की शकल ले लेती हैं. मुंबई की लोकल ट्रेन की ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रही है.



वीडियो में पहले लोग मुंह से ही बात कर रहे थे. फिर भीड़ में से किसी ने उकसाते हुए दूसरे व्यक्ति को मारने को बोला. तभी नीली शर्ट वाला व्यक्ति सफेद कपडे वाले व्यक्ति को लगातार दो चाटे जड़ देता है. उसके बाद सफेद कपडे वाला व्यक्ति भी मुंह की जगह अपनी लात से बात करता है. फिर तो 25 सेकंड की वीडियो में वो दोनों शख्स एक दूसरे पर लात घूंसों की बारिश कर देते है. वो दोनों बाकी यात्राओं पर गिरते गिरते एक दूसरे से लड़ रहे है. ट्रेन की भीड़ में कुछलोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे है तो कुछ उन दोनों को और लड़ने को कह रहे हैं.

**यूजर ने कहा 'शांतिप्रिय लोग'**

ये वीडियो 'घर के कलेश' नाम के ट्विटर हैंडल ने शेयर की है. इस वीडियो पर कुछ घंटों में ही 14,000 व्यूज आ गए हैं. एक यूजर इस घटना पर चुटकी लेते हुआ लिखता है, धारावी के शांतिप्रिय लोग. एक अन्य यूजर लिखता है कि मुंबई में ऐसे मार पीट के मामले रोज के है.

# गर्लफ्रेंड को दी गाली तो बेटे ने बाप को गला घोंटकर मारा... फिर बनाई सुसाइड की कहानी

**पिंपरी चिंचवड:** महाराष्ट्र के पुणे से सटे पिंपरी-चिंचवड में अशोक रामदास जाधव नाम के एक शख्स की हत्या उसके बेटे ने ही कर दी. इसके बाद बेटे ने इस हत्या को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की. हैरत की बात यह है कि हत्याके बाद सबूत मिटाने में उसका साथ उसकी मां यानी मृतक की पत्नी और बड़े भाई ने भी दिया. मृतक अपने बेटे की गर्ल फ्रेंड के लिए अपशब्द और गालियों का इस्तेमाल



किया करता था. यही बात बेटे को खल गई और बेटे ने गला दबा कर पिता की हत्या कर दी.

हत्या करने के बाद बेटे ने पिता के शव को घर के कमरे के सीलिंग से लटकाकर उसे सुसाइड का रंग देने की कोशिश की. मृतक का नाम अशोक रामदास जाधव (उम्र 45) है. मृतक के दो बेटे हैं. बड़े बेटे का नाम राहुल जाधव (उम्र 25) और छोटे बेटे का नाम अनिल जाधव (उम्र 23) है. हत्या छोटे बेटे अनिल जाधव ने की है और हत्या के बाद सबूत मिटाने में उसकी मां और भाई राहुल ने साथ दिया है. यह परिवार पिंपरी-चिंचवड के दिघि इलाके में समर्थ सदन बिल्डिंग में रहता है.

**5 मार्च को वारदात, 6 मार्च को दोनों बेटों और पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज**

यह वारदात 5 मार्च को हुई. दिघि पुलिस स्टेशन में 6 मार्च को एफआईआर दर्ज कर लिया गया. आईपीसी के सेक्शन 302, 201 और 34 के तहत मृतक के दोनों बेटों और पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया है. पूछताछ और जांच का काम शुरू है. बेटे के हाथों बाप की हत्या सिर्फ इस आधार पर करने की बात से आसपास के इलाके के लोग सन्न हैं कि मृतक बेटे की गर्ल फ्रेंड के लिए अपशब्दों और गाली गलौज का इस्तेमाल करते थे.

**छोटे बेटे ने हत्या कर शव को पंखे से लटकाया, बड़े बेटे और पत्नी ने सबूत मिटाया**


बाप की गला दबाकर हत्या अनिल जाधव ने की. पुलिस को झांसा देने के लिए इसे आत्महत्या का रूप देने का प्लान किया. इस प्लान के मुताबिक उसके बड़े भाई राहुल जाधव ने शव को पंखे से लटका दिया. जिस वक्त राहुल शव को पंखे से लटकाने की कोशिश कर रहा था, उस वक्त अनिल और राहुल की मां और मृतक अशोक रामदास जाधव पत्नी बाकी सबूत मिटाने की कोशिश कर रही थी. पुलिस कार्रवाई जारी है.

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**औरंगाबाद :** महाराष्ट्र में बीड जिले के एक गांव में छह वर्षीय एक बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने दुष्कर्म करने के आरोप में 55 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तीन मार्च को उस समय हुई, जब पीड़िता अपने



दोस्तों के साथ खेल रही थी। उन्होंने बताया कि आरोप है कि व्यक्ति ने दुष्कर्म करने के बाद घटना की जानकारी किसी अन्य को देने पर बच्ची को अंजाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर पांच मार्च को आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा- 376 (दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम (पॉक्सो) के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



# मौसम ने ली करवट, कड़की बिजली... गरजे बादल, तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश...



**पालघर :** देश के कुछ राज्यों में बारिश के कारण मौसम खुशनुमा हो गया है. मौसम विभाग ने महाराष्ट्र, राजस्थान समेत कई राज्यों में बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि की बात कही है. हालांकि, इस बेमौसम बारिश से किसानों को नुकसान हुआ है. देश के अधिकतर हिस्सों में गर्मी की शुरूआत हो चुकी है. गर्मी की इस शुरूआत के बीच कुछ राज्यों में बेमौसम बारिश की गतिविधियां देखने को मिली हैं. गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान समेत कुछ और राज्यों में बारिश हुई है. इन राज्यों में बारिश के चलते तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गई है. हालांकि, मौसम विभाग की मानें तो मध्य भारत और पश्चिम भारत से लगे हुए राज्यों में आज से लेकर 08 मार्च तक बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी. मौसम विभाग (मुंबई) की ओर से पहले ही जानकारी दी गई थी उसके मुताबिक, महाराष्ट्र के पालघर, ठाणे, नासिक, अहमदनगर में आज शाम को हल्की बारिश देखने को मिली. इसी के साथ इन इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं. मौसम विभाग ने बाहर निकलने से पहले थोड़ी सावधानी बरतने की सलाह दी है. पालघर जिले के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश शुरू है ।

# शिंदे का किसानों को राहत का ऐलान

## मुंबई समेत महाराष्ट्र में बेमोशम बारिश, ओलावृष्टि ने तबाह कीं तैयार फसलें...

**मुंबई:** महाराष्ट्र के नासिक और धुले जिले समेत कई इलाकों में मंगलवार को भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार को बेमौसम बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। ठाणे और पुणे जिले के बीच स्थित मालशेज घाट क्षेत्र में एक दिन पहले गरज के साथ भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को सुबह महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और अहमदनगर जिलों में आंधी आने और मध्यम स्तर की बारिश होने की चेतावनी



जारी की थी।इधर बारिश और ओलोवृष्टि के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किसानों को राहत देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि किसानों के नुकसान की भरपाई की जाएगी। पिछले दो दिन में महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों में हुई बेमौसम बारिश और कुछ जिलों में ओले गिरने से प्रभावित होने वाले किसानों के नुकसान का तत्काल पंचनामा करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार की सुबह विभिन्न जिलों के कलेक्टरों से उनके इलाकों में हुए खेती के नुकसान की जानकारी भी ली।

कलेक्टरों की बैठक में यह बात सामने आई है कि ठाणे, पालघर, वाशिम, नाशिक, छत्रपति संभाजी नगर, पैठण, गंगापुर में तेज हवा और बेमौसम बारिश से रबी के सीजन की कटाई के लिए खेतों में तैयार खड़ी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। मुंबई, ठाणे समेत उत्तर मध्य महाराष्ट्र के कई तालुकों में मंगलवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। कई जगह पर बेमौसम बारिश की आशंका जताई जा रही है। नासिक मंडल के एक अधिकारी ने कहा, 'गेहूं, प्याज और आम की फसलें प्रभावित हुई हैं। कटाई के लिए तैयार प्याज की फसलें गीली हो गई हैं। नासिक में 1,800 हेक्टेयर क्षेत्र में बोई गई गेहूं और प्याज की फसलों के प्रभावित होने की आशंका है।' अधिकारी ने कहा, 'धुले जिले के कुछ हिस्सों में सोमवार को बहुत ओले गिरे।

### महाराष्ट्र में इन फसलों को नुकसान

राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील ने बताया कि बेमौसम बारिश से गेहूं, अंगूर, चना, प्याज, आम और मूंगफली की खेती को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि नुकसान के आंकड़े आते ही सरकार किसानों के लिए मदद का ऐलान करेगी। कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने भी किसानों को तत्काल मदद का भरोसा दिलाया है। इस समय राज्य विधान मंडल का बजट सत्र चल रहा है। ऐसे में किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए विपक्ष विधानमंडल के दोनों सदनों में आवाज उठाने की तैयारी में है। उससे पहले ही मुख्यमंत्री ने प्रशासन को नुकसान के पंचनामा का आदेश देकर विपक्ष को शांत करने की कोशिश भी की है।

### नुकसान का पंचनामा करने का आदेश

बेमौसम बारिश से किसानों को हुए नुकसान की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री ने मंगलवार की सुबह मुख्य सचिव और कलेक्टरों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अधिकारी खेतों में जाकर नुकसान का पंचनामा बनाने का काम शुरू करें, ताकि किसानों को उनके नुकसान की भरपाई तेजी से की जा सके। इसलिए राजस्व विभाग को तेजी से एक्शन लेने को कहा गया है।

## अवैध तरीके से परीक्षा दिखाने का चलन, प्रश्न पत्र लीक पर ठाकरे खेमे ने कसा तंज

**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने उच्च माध्यमिक विद्यालय (एचएससी) परीक्षा के प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक होने के मामले में बुधवार को महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में अवैध तरीके से परीक्षाएं उत्तीर्ण करने का नया चलन शुरू हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र ह्यसामना में एक संपादकीय में लिखा गया है कि न्यायपालिका से लेकर निर्वाचन आयोग तक सभी परिणाम लीक हो गये हैं। उसका परोक्ष इशारा ह्यशिवसेना नाम और ह्यधनुष बाण चुनाव चिह्न मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले प्रतिद्वंद्वी खेमे को आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले की ओर था। इसमें लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेताओं की डिग्रियों को लेकर सवाल उठे हैं। उसने शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ह्यह्यराज्य में नयी सरकार आने के बाद से, अवैध तरीके से परीक्षाएं उत्तीर्ण करने का चलन शुरू हो गया है। उद्धव नीत शिवसेना ने पूछा कि ह्यअसल दोषियों से पूछताछ कब होगी।

## होली मनाने के बाद नदी में नहाने गए छात्र की डूबने से मौत...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पुणे जिले में इंजीनियरिंग का 21 वर्षीय एक छात्र मंगलवार को नदी में डूब गया। होली मनाने के बाद वह अपने इंद्रायणी नदी में गया था। तालेगांव एमआईडीसी के अधिकारी ने कहा, पाटिल गहरे पानी में चला गया और अपना संतुलन खो दिया।



दोस्तों के साथ नहाने के लिए नदी में उतरा था। अधिकारी ने कहा कि जलगांव निवासी जयदीप पाटिल, तालेगांव दाभाडे के वराले में डी वाई पाटिल इंजीनियरिंग कॉलेज में तीसरे वर्ष का छात्र है। वह अपने 10 अन्य दोस्त के साथ होली मनाने के बाद रंग धोने के लिए पास की उनके दोस्तों की सूचना पर बचाव अभियान शुरू किया गया। उसका शव मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे नदी से निकाला गया।

डूबने की एक अन्य घटना मुंबई के जुहू समुद्र तट से दूर अरब सागर में हुई। जहां एक 30 वर्षीय व्यक्ति की अरब सागर में डूबने से मौत हो गई।

## होली में मुंबईकरों ने उड़ाई जमकर ट्रैफिक नियमों की धज्जियां, पुलिस ने काटे खूब चालान

**मुंबई :** होली के रंग में रंगे लोगों ने जमकर मौज मस्ती की। बाइक और कार से होली का मजा लिया गया। लेकिन मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे तमाम लोगों पर कार्रवाई की है जिन्होंने ट्रैफिक नियम तोड़े। मुंबई पुलिस ने एक आंकड़ा जारी कर बताया है कि होली के दिन मुंबईकरों ने कैसे नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाये। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने के अनुसार मंगलवार यानी 7 मार्च (होली) को हेलमेट नहीं पहनने के लिए 10,215 से अधिक बाइकर्स और नशे में ड्राइविंग के लिए 73 मोटर चालकों को दंडित किया, शराब के नशे में ड्राइविंग के लिए 65 बाइकर्स और 8 चार पहिया वाहन पकड़े गए।

होली को लेकर मुंबईकरों में भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं हुड़दंगबाजों से निपटने के लिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने भी पहले से



कमर कस ली थी।

ट्रैफिक पुलिस ने होली के दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए एक विशेष अभियान चलाया था और मंगलवार को शराब पीकर गाड़ी चलाने के अपराध में चालकों को गिरफ्तार किया है।मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने ट्रिपल राइडिंग के लिए 746 बाइकर्स और बिना हेलमेट के 10,215 बाइकर्स पर जुमार्ना लगाया।

हर साल होली के दौरान रंग में भंग न पड़े इसके लिए शराब पीकर गाड़ी चलाने के खिलाफ विशेष नाकाबंदी की जाती है। हेमलेट को लेकर भी इस बार पुलिस एक्टिव दिखी। यह सब इस लिए किया गया ताकि कोई भी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके और लोगों की जान बचायी जा सके।पिछले साल की तुलना में इस वर्ष के आंकड़े लगभग दोगुने है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com